मुझे फैमिली असेसमेंट रेस्पॉन्स क्यों प्राप्त हो रही है?

- Department of Children, Youth, and Families (बाल, युवा व परिवार विभाग, DCYF) को आपके बच्चे की सुरक्षा के बारे में चिंताओं वाली एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है।
- रिपोर्ट Washington राज्य में बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा की कानूनी परिभाषा के अनुरूप है (RCW 26.44.020)।
- रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया कि आपका बच्चा तत्काल ख़तरे में था।
- DCYF आपके बच्चों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए आपके साथ काम करना चाहता है।

यदि मुझे अपने मामले के बारे में चिंता है तो मैं किससे संपर्क करूं?

यदि आपकी कोई शिकायत या चिंता है कि आपके मामले को कैसे संभाला जा रहा है, तो अपने FAR केसवर्कर पर्यवेक्षक को कॉल करें।

यदि आपकी चिंताओं का समाधान अभी भी नहीं हुआ है तो आप क्षेत्र प्रशासक को कॉल कर सकते हैं।

आप किसी भी समय सहायता के लिए Constituent Relations (कॉन्स्टिट्यूएंट रिलेशंस) कार्यालय को 1-800-723-4831 पर कॉल कर सकते हैं।

-या-

आप परिवार एवं बच्चों के लोकपाल कार्यालय* को 1-800-571-7321 पर कॉल कर सकते हैं।

**यह एजेंसी DCYF से अलग है। यह DCYF के बारे में चिंताओं की जांच करती है।*

अगर आप वैकल्पिक प्रारूप या भाषा में इस दस्तावेज़ की प्रतियाँ चाहते हैं, तो कृपया DCYF Constituent Relations (DCYF कॉन्स्टिट्यूएंट रिलेशंस) से (1-800-723-4831 | 360-902-8060, ConstRelations@dcyf.wa.gov) संपर्क करें।

DCYF PUBLICATION CWP_0023 | DSHS 22-1534 HI (07-2021) Hindi

फैमिली असेसमेंट रेस्पॉन्स (FAR)

परिवारों को मजबूत करने और समर्थन देने का एक CPS तरीका

Washington State Department of
CHILDREN, YOUTH & FAMILIES

फैमिली असेस्टमेंट रेस्पॉन्स (FAR) क्या है?

FAR Washington राज्य बाल सुरक्षा सेवाओं के लिए बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा की कुछ रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देने का एक अलग तरीका है। FAR से पहले, CPS ने एक जांच के साथ बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी।

FAR परिवारों के साथ निम्न के लिए कार्य करता है:

- जब वे संकट में हों तो माता-पिता को बच्चों के साथ दुर्व्यवहार या उपेक्षा के लिए जिम्मेदार ठहराए बिना उनका समर्थन करने के लिए।
- उन्हें अपने समुदायों से जुड़ने में मदद करने के लिए।

जांचकर्ता और FAR केसवर्कर दोनों:

- बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए परिवारों के साथ काम करते हैं।
- परिवारों की जरूरतों को पहचान करते हैं।
- माता-पिता और समुदाय की शक्तियों और संसाधनों पर काम करते हैं।
- ऐसी तनावपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए सेवाएँ खोजते हैं, जिनके कारण बच्चों की ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित करना कठिन हो जाता है।

जांच:

- निर्धारित करती है कि क्या बाल दुर्व्यवहार या उपेक्षा हुई है।
- कथित दुर्व्यवहार या उपेक्षा के लिए कौन जिम्मेदार है, इसकी पहचान करती है बाल दुर्व्यवहार या उपेक्षा हुई या नहीं, इसके बारे में एक निष्कर्ष। इसे DCYF रिकॉर्ड में रखा जाता है, और यह बच्चों या कमजोर वयस्कों के साथ भविष्य के रोजगार को प्रभावित कर सकता है।

फैमिली असेसमेंट रेस्पॉन्स कैसे काम करता है?

जब DCYF को आपके परिवार के बारे में एक रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो एक FAR केसवर्कर आपके बच्चों की सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए आपसे मिलेगा।

भविष्य में बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा के जोखिम को कम करने के लिए आपको सेवाओं या सहायता की आवश्यकता है या नहीं, यह तय करने के लिए केसवर्कर आपके साथ काम करेगा। आपका केसवर्कर आपके परिवार को चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

अधिकांश FAR मामले 45 दिनों के भीतर बंद हो जाएंगे। हालाँकि, आप और FAR केसवर्कर आपके मामले को 120 दिनों तक खुला रखने का विकल्प चुन सकते हैं, यदि आपके द्वारा शुरू किए गए अच्छे काम का समर्थन करने वाली सेवाओं को जारी रखना मददगार होगा।

आपके पास विकल्प हैं:

- आप FAR में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं

  -या-

- आप पारंपरिक CPS जांच का विकल्प चुन सकते हैं

यदि आप अपने परिवार को आवश्यक सेवाओं के बारे में अपने FAR केसवर्कर से सहमत नहीं हैं, तो आप अन्य विकल्पों के बारे में बात करने के लिए FAR कर्मचारियों के साथ बैठक के लिए कह सकते हैं।

आपका केसवर्कर आपके परिवार को चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

फैमिली असेसमेंट रेस्पॉन्स किस प्रकार मेरी सहायता कर सकती है?

आप जानते हैं कि आपको और आपके परिवार को क्या चाहिए। आपका FAR केसवर्कर आपके साथ निम्न के लिए काम करेगा:

- पहचानना कि आप घर पर अपने बच्चे की सुरक्षा कैसे सुधार सकते हैं।
- आपके परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना।
- सभी उम्र और चरणों में अपने बच्चों के पालन-पोषण में आपकी मदद करने के लिए आपके कौशल को बढ़ाना।
- अपने समुदाय के साथ एक मजबूत संबंध विकसित करना।
- आपके और आपके परिवार के लिए तनाव पैदा कर रही आवास, काम जैसी चिंताओं और अन्य मुद्दों के समाधान के लिए सामुदायिक संसाधनों और सलाहकारों को खोजना।

हम आपके बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु आपके आत्मविश्वास और कौशल को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।